# 2018

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

### खण्ड – क
### (वाचन – 10 अंक)

1. सोरठा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

2. यमक अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर *एक-एक* शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए ।

3. दोहा छन्द के विषम चरणों में कितनी-कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

4. जब एक ही शब्द एक ही बार प्रयुक्त हो, लेकिन उसके दो या अधिक अर्थ निकलते हों, तब कौन-सा अलंकार होता है ? 1

5. रूपक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए । 1

6. मुख मयंक-सो है सखी ! मधुर वचन सविशेष । 1

– उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार निहित है ?

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

7. खग वृन्द सोता है अतः कल, कल नहीं होता वहाँ 1

बस मन्द मारुत का गयन ही, मौन है खोता जहाँ ।

– उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छन्द निहित है ?

(क) दोहा (ख) सोरठा

(ग) गीतिका (घ) हरिगीतिका

8. चलो धनुष से बाण, साथ ही शत्रु सैन्य के प्राण चले । 1

– उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार निहित है ?

(क) विरोधाभास (ख) अतिशयोक्ति

(ग) श्लेष (घ) उपमा

## खण्ड – ख
### (लेखन – 15 अंक)

9. मान लीजिए कि आप 'इम्फाल पब्लिक स्कूल' के प्रिंसिपल हैं। आपके स्कूल में लाइब्रेरियन का पद खाली है। इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए आप एक विज्ञापन लिखिए। 8

10. मान लीजिए कि आप 'जनता' नामक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। पिछले साल मणिपुर में आई विकट बाढ़ के कारण मणिपुर के मैदानी खेतों की सारी फसलें बरबाद हो गई थीं। इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपाने लायक एक समाचार-लेख लिखिए। 7

## खण्ड – ग

## (व्याकरण – 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग ***50 - 50*** शब्दों में लिखिए।

11. तत्सम और तद्भव शब्दों की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 4

12. वाक्य किसे कहते हैं और इसके कितने भेद होते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 4

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 13 से 17 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य या शब्द-समूह में दीजिए।

13. शक्ति होने पर अभिमान हो ही जाता है। 1
   – इस सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

14. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुखी है। 1
   – इस मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

15. तत्पुरुष समास का एक उदाहरण लिखिए। 1

16. 'कफन सिर पर बाँधे फिरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'अपनी गली में कुत्ता भी शेर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

18. 'सोच-समझकर काम करना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1
   (क) जले पर नमक छिड़कना (ख) कीचड़ उछालना
   (ग) फूँक-फूँक कर पैर रखना (ग) तिल का ताड़ बनाना

19. 'एक के करने से झगड़ा नहीं होता' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सा है ? 1
   (क) एक हाथ से ताली नहीं बजती (ख) एक पन्थ दो काज
   (ग) नाम बड़े, दर्शन छोटे (ग) सीधी उँगली से घी नहीं निकलता

## खण्ड – घ

### (साहित्य – 60 अंक)

(पद्य : प्राचीन – 8 अंक और आधुनिक – 12 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहिमन वे नर मर चुके, जो कहुँ माँगन जाहिं ।
उनते पहले वे मरे, जिन मुख निकसत नाहिं ।।

*अथवा*

(ख) अब लौं नसानी अब न नसैहौं ।
राम कृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसैहौं ।।
पायेउँ नाम चारु चिन्तामनि, उर कर तें न खसैहौं ।
स्याम-रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित-कंचनहि कसैहौं ।।

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) वर्षा ऋतु की स्निग्ध भूमिका
प्रथम दिवस आषाढ़ मास का
देख गगन में श्याम घन घटा
विधुर यक्ष का मन जब उचटा ।

*अथवा*

(ख) तनो
अकड़ो
अमरबेलि की तरह मत जिओ,
जड़ पकड़ो

22. 'बनजारे का गीत' कविता में वर्णित बनजारों से सम्बन्धित कवि के विचारों को स्पष्ट कीजिए । 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 23 और 24 का उत्तर *एक-एक* वाक्य में लिखिए ।

23. कवि तुलसीदास का आराध्य देव कौन है ? 1

24. 'अभिमन्यु' कविता में कवि ने क्या सपना देखा था ? 1

(गद्य – 25 अंक)

25. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) तुझे ऐसी जरा-सी बात का अब तक ख्याल होता है। तुझे तो खुश होना चाहिए कि उनके लिए एक रोज भूखे रहने का तुझे पुण्य मिला।

*अथवा*

(ख) जगत के साधु अगर यह कहते आए हैं कि मनुष्य जन्मतः अच्छा है, तो यह भी कहते आए हैं कि उसकी प्रारम्भिक प्रवृत्तियाँ पशु-प्रवृत्तियाँ हैं, इसलिए चाहे व्यक्ति हो, चाहे समाज हो, चाहे साहित्य हो, चाहे राष्ट्र हो, हम अच्छा करते हैं जो उस पर आँख मूँदकर विश्वास नहीं करते।

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए।

26. 'एड्स' क्या है ? एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ? 1+3=4

27. शगोल-काङ्जै कैसे विश्व-प्रसिद्ध खेल बन गया ? 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग ***25-25*** शब्दों में लिखिए।

28. सच्चा असमीया क्या करता है ? 2

29. मुक्ना का कुशल खिलाड़ी सदा क्या कोशिश करता रहता है ? 2

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए।

30. 'कामाख्या की छाया में' पाठ का लेखक कौन है ? 1

31. असमीया लोकमानस में किसकी वीरता पैठी हुई है ? 1

32. 'संघर्ष ही में प्रतिभा को बल मिलता है।' 1

– उपर्युक्त पंक्ति किस पाठ से उद्धृत की गई है ?

33. 'एड्स' का पूरा नाम क्या है ? 1

*निर्देश*: प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

34. 'माधवदेव किसका शिष्य था ? 1

(क) चैतन्य (ख) शंकराचार्य

(ग) शंकरदेव (घ) रामानन्द

35. भारत में कब 'राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण संगठन' (नाको) की स्थापना हुई ? 1

(क) सन् 1982 (ख) सन् 1986

(ग) सन् 1989 (घ) सन् 1992

**(पूरक पुस्तक – 15 अंक)**

36. (क) पठित पाठ के आधार पर मानव के लिए विज्ञान की देन पर लगभग ***150*** शब्दों में एक लघु निबन्ध लिखिए। 7

*अथवा*

(ख) 'भारतीय संस्कृति : एक झलक' पाठ का सारांश लगभग ***150*** शब्दों में लिखिए।

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग ***50-50*** शब्दों में लिखिए।

37. 'रामायण' और 'महाभारत' की सामान्य विशेषताएँ लिखिए। 4

38. 'विधाता' कहानी के आधार पर लिखिए कि दफ्तर के लोग विजयकृष्ण से क्यों असन्तुष्ट थे ? 4

---